# सींगरी नदी में बहे तीन मासूमों में से दो के शव बराम , एक की तलाश जारी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** बीते मंगलवार को नगर के सींगरी नदी में तीन मासूम बच्चे बह गए। जिनकी तलाश हेतु पुलिस एवं स्ठत्र्क्रन की टीम द्वारा रेस्क्यू चलाया गया। रेस्क्यू के दौरान मंगलवार देर रात को एक बच्चे का शव मिल गया था, वहीं बुधवार सुबह दूसरे बच्चे का शब भी बरामद कर लिया गया और तीसरे बच्चे के शव की तलाश अभी भी जारी है। जानकारी अनुसार बीते मंगलवार देर रात 11 वर्षीय अक्षत मेहरा का शव सींगरी नदी के निचले हिस्से में जलभराव वाली जगह से मिला शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। वहीं 12 वर्षीय वासु अग्रवाल और 11 वर्षीय कृष्णा प्रजापति की तलाश में बुधवार सुबह से स्ठत्र्क्रन की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी रही। इस दौरान दूसरे बच्चे वासु अग्रवाल का शव भी बरामद कर लिया गया। अब केवल एक ही बच्चा कृष्णा प्रजापति की तलाश जारी है।

**यह है मामला** – बीते मंगलवार देर शाम को एक दर्दनाक हादसे में विपतपुरा के तीन मासूम बच्चे सींगरी नदी की बाढ़ में बह गए। सभी बच्चे 11 से 12 वर्ष की उम्र के हैं और शाम को खेलते-खेलते बाढ का पानी देखने नदी किनारे पहुंच गए थे। तीनों बच्चे घर से खेलने के लिए निकले थे और जानकारी अनुसार बाढ़ का बहाव देखने सींगरी नदी पहुंच गए, जहां तेज धार में बह गए। रात करीब 9:15 बजे परिजनों ने थाना स्टेशनगंज पहुंचकर बच्चों के लापता होने की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस तुरंत सक्रिय हुई। रेस्क्यू टीमों ने रातभर तलाश जारी रखा । बुधवार 9 जुलाई सुबह एक बच्चे का शव रिप्टापार पुल से आगे बरामद किया गया, जिसकी पहचान अक्षत पिता डालचंद के रूप में हुई है। अन्य दो बच्चों की तलाश में गोताखोरों, पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम लगातार जुटी हुई थी कि थोड़ी ही देर बाद दूसरे बच्चे का शव भी रेस्क्यू के दौरान बरामद कर लिया गया। तीसरे बच्चे की तलाश में टीम रेस्क्यू कर रही है।





### रातभर चला रेस्क्यू, सुबह मिले दो शव, एक अभी भी लापता

**प्रशासनिक टीम का रेस्क्यू जारी** – घटना स्थल पर कोतवाली थाना और स्टेशनगंज थाना प्रभारी अपनी टीमों के साथ मौजूद रहे। नदी में जलकुंभी जमा होने से रेस्क्यू कार्य में कठिनाई आ रही थी। बाबा घाट से रिप्टापार पुल के बीच गोकुलधाम कॉलोनी के पास जलकुंभी ने बहाव को धीमा कर दिया था जिससे यह क्षेत्र और अधिक संवेदनशील हो गया। स्टेशन थाना प्रभारी और कोतवाली प्रभारी, एसडीईआरएफ कमांडेंट और उनकी टीम घटना स्थल पर सर्चिंग अभियान करती रही। नदी में जमा पेड़ के तनों को आरी मशीन से अलग कराया गया रेस्क्यू में बहुत ही कठनाई आ रही थी बावजूद इसके पुलिस टीम ने रेस्क्यू जारी रखा और तीन में से दो बच्चों के शव को खोज निकाला। उसके बाद रेस्क्यू टीम द्वारा लगातार गंभीरता के साथ तीसरे बच्चे के शव की तलाश कर रही है।

**प्रशासन ने नागरिकों से की अपील** – प्रशासन ने एक बार फिर नागरिकों से अपील की है कि नदी, नालों और रपटों पर बाढ़ का पानी अधिक होने से दूर रहें, खासकर बच्चों को अकेले बाहर न जाने दें। बारिश के दिनों में अतिरिक्त सावधानी रखने की आवश्यकता है।

**इनका कहना है** – स्टेशनगंज थाना प्रभारी रत्नाकर हिंगवे ने बताया कि तीनों बच्चे शाम साढ़े पांच बजे घर से निकले थे। रात 9 बजे तक घर न लौटने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी स्टेशनगंज और कोतवाली थाने के 25 पुलिसकर्मियों ने रात 9:15 से ढाई बजे तक नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया थाना प्रभारी रत्नाकर हिंगवे ने बताया कि तलाश के दौरान देर रात 11 वर्षीय अक्षत मेहरा का शव सींगरी नदी के निचले हिस्से में जलभराव वाली जगह से मिला शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है । बुधवार सुबह से स्ठत्र्क्रन की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी इस दौरान 12 वर्षीय वासु अग्रवाल का शव भी मिल गया। अब तीसरे बच्चे 11 वर्षीय कृष्णा प्रजापति अभी भी लापता है जिसकी तलाश जारी है।

## नदी में बहे युवक का मिला शव



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नगर से निकलने वाली सींगरी नदी में बीते मंगलवार की दोपहर को एक युवक बह गया था। सूचना मिलने पर पुलिस और होमगार्ड के जवान आए उसे ढूंढने का प्रयास किया गया। किंतु देर शाम तक वह नहीं मिल सका। कोतवाली पुलिस के अनुसार बड़ी मुश्किल के बाद चले रेस्क्यू के दौरान युवक का शव नरसिंहपुर के बड़े पुल के पास बरामद कर लिया गया। जानकारी अनुसार किसानी वार्ड निवासी युवक जाकिर खान उर्फ भाजा गणेश मंदिर से कचहरी मार्ग को जोड़ने वाले पुल को पार कर रहा था पुल से करीब तीन फीट ऊपर पानी बह रहा था जब वह निकलने लगा तो कई लोगों ने रोका, किंतु किसी की न सुनते हुए पुल पर चला गया और कुछ देर में वह तेज बहाव में बह गया था।

## सार-समाचार

### शिकायतों के निराकरण के लिए आयोजित किए गए शिविर




**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नरसिंहपुर वृत अंतर्गत विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली बिल एवं विद्युत संबंधी शिकायतों / समस्याओं के निराकरण के लिये वृत कार्यालय, संभागीय कार्यालय एवं वितरण केन्द्र कार्यालय स्तर पर संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में कुल 28 नंबर जन-समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया गया। आयोजित किये गये शिविरों में. 68 नंबर शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 64 नंबर शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया तथा शेष 04 नंबर शिकायतों के निराकरण हेतु प्राथमिकता से कार्यवाही की जा रही है। अधीक्षण अभिंयता (सं.सं.) वृत नरसिंहपुर द्वारा उपभोक्ताओं से अपील है कि वे अपने लंबित बिजली बिलों का भुगतान समय पर करने का कष्ट करें।

### शराब के नशे में वाहन चलाने वाले तीन ट्रक चालकों पर कार्रवाई

**अनूपपुर, देशबन्धु।** सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और ड्रिंक एंड ड्राइव जैसे गंभीर अपराधों को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देश पर यातायात पुलिस अनूपपुर द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कल तीन ट्रकों जिनमें ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीए 8775, ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीएच 7473, ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीबी 4106 के चालकों को शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पकड़ा गया, जिन पर 31,000 का जुर्माना लगाया गया है। इन तीनों चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां 31,000 का जुर्माना अधिरोपित किया गया।

### स्व. कर्नल मुशरान की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि सभा आज

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले के जनप्रिय राजनेता एवं म. प्र. शासन के पूर्व वित्त मंत्री स्व. कर्नल अजय नारायण जी मुशरान की पुण्यतिथि के अवसर पर आज 10 जुलाई 2025 प्रात: 10:30 बजे एम. आई. एम. टी. कॉलेज नरसिंहपुर द्वारा प्रतिवर्षानुसार कर्नल मुशरान की स्थानीय मुक्तिधाम स्थित समाधि पर पुष्पांजलि सभा एवं प्रात: 11:00 बजे स्थानीय जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। पुष्पांजलि सभा में गणमान्यजन एवं एम.आई. एम. टी. स्टॉफ मेम्बर्स द्वारा कर्नल मुशरान को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनका पुण्य स्मरण किया जावेगा। एम. आई. एम. टी. एन. सी. सी. कम्पनी द्वारा सलामी उपरान्त मौन श्रद्धांजलि से कार्यक्रम का समापन होगा। एम. आई. एम. टी. कालेज के प्राचार्य ने समस्त गणमान्य जनों से प्रात: 10:30 बजे नकटुआ मुक्तिधाम स्थित कर्नल मुशरान की समाधि स्थल में आयोजित पुष्पांजली कार्यक्रम में सम्मिलित होने की विनम्र अपील की है।



## मुख्य अभियंता ने किया औचक निरीक्षण

### गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति एवं शिकायतों का त्वरित निराकरण के दिये निर्देश

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मुख्य अभियंता (ज.क्षे.) जबलपुर ने नरसिंहपुर वृत के अंतर्गत बरमान, करेली ग्रामीण और करेली शहर वितरण केंद्रों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान मुख्य अभियंता महोदय ने 33/11 के. व्ही. बरमान उपकेंद्र का निरीक्षण किया, जहाँ उन्होंने विद्युत आपूर्ति की स्थिति, ट्रिपिंग की संख्या, एजी और डीएल फीडरों में आपूर्ति के घंटों के बारे में जानकारी ली, साथ ही उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति देने और शिकायतों का त्वरित समाधान करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बिजली बिल बकाया वाले उपभोक्ताओं को कॉल करने के लिए सबस्टेशन ऑपरेटर को दी गई कॉलिंग सूची की भी जाँच की। मुख्य अभियंता महोदय ने कॉलिंग सूची पर गहरी



### कई कार्यों पर जताई नाराजगी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मुख्य अभियंता जबलपुर ने नरसिंहपुर संभाग के अंतर्गत बरमान, करेली ग्रामीण और करेली शहर विद्युत वितरण केंद्रों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान मुख्य अभियंता ने 33/11 केवी बरमान उपकेंद्र का निरीक्षण किया, जहाँ उन्होंने विद्युत आपूर्ति की स्थिति, ट्रिपिंग की संख्या, एजी और डीएल फीडरों में आपूर्ति के घंटों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति देने और शिकायतों का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली बिल बकाया वाले उपभोक्ताओं को कॉल करने के लिए सबस्टेशन ऑपरेटर को दी गई कॉलिंग सूची की भी जाँच की। मुख्य अभियंता ने कॉलिंग सूची पर गहरी नाराजगी दिखाई, क्योंकि ऑपरेटर सूची पर ठीक से कॉल नहीं कर रहा था। उन्होंने बरमान डीसी के परिसर में सौंदर्यीकरण कार्य की प्रशंसा की। बरमान डीसी के बाद, उन्होंने करेली शहर और करेली ग्रामीण डीसी का भी दौरा किया।

## भारी बारिश में पहाड़ी वन ग्रामो में पहुंचाई सहायता




**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस गाडरवारा नगर के वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश बसेड़िया ने भारी बारिश व बाढ़ के बीच पहुंचविहीन दुर्गम पहाड़ी वनग्रामो बेरवन टोला एवं पीपला में लगातार वर्षा होने के कारण हुए नुकसान के बाद लोगों की सहायता की। उन्होंने हल्के पुन्नू भारिया, रमिया बाई व सुक्कू भारिया के तीन घरों व टपरियो की दीवार व छप्पर गिरने की जानकारी लगने पर तत्काल पनी, त्रिपाल, रस्सी व आवश्यक सामग्री प्रदान की। उन्होंने महिलाओं को नवीन साड़ियां, बच्चों को पठन शिक्षण सामग्री के साथ मिडिल स्कूल के बच्चों को आकर्षक स्कूल बैग प्रदान कर उन्हें स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया।

## कैबिनेट मंत्री पटेल ने की गुरु के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** गुरूपूर्णमा पर श्रीश्री की वाणियाँ ही हमारा मार्गदर्शन करती हैं ।क्योंकि वाणियाँ सत्य है और सत्य स्वयं नहीं बदलता,वह जिसे पकड़ लेता है वह बदल जाता है ।इसलिए पथिकों और जिज्ञासुओं से परम पूज्य श्री श्री बाबा श्री जी कहते थे ध्यान रखो ,मनन करो तुमने सत्य को पकड़ा?! या सत्य ने तुम्हें पकड़ा? आगे चेतावनी देते हुए कहा यदि तुमने सत्य को पकड़ा है तो वह छूट सकता है पर यदि ,सत्य ने तुम्हें पकड़ा है तो फिर सत्य से दूर नहीं हो सकते।

सत्य के बग़ैर कोई धर्म,धर्म नहीं हो सकता ।वैसे ही सत्य के बिना पुरूष पारस नहीं बन सकता,स्त्री का सतीत्व सत्य पर अवलंबित है 1700 से ज़्यादा दिनों से माँ नर्मदा जल पर साधनारत परम पूज्य दादा गुरू जी के सत्संग में उनकी वाणी है -गुरू जब सत्य के रूप में है तो जीव जगत का आधार है और जब वह तत्व के रूप में है तो वह हमारा अस्तित्व है। काल की गणना नहीं जो काल से मंत्रणा सिखाये वह गुरू है । सत्य





गुरूवै नम: जो हमें परिवार,समाज और स्वयं काल से मंत्रणा सिखाये ,महामृत्युंज से मिलाये वह गुरू कहलाये ।हर काल में जीना सिखाये वह गुरू है ।

अपने जीवन को निर्विकार सत्य पथ पर चलने के लिए संकल्पित हों तो वह सबसे अच्छा और इसके लिए,अपने मै को ,गुरू चरणों में अर्पित कर दो ।यदि ऐसा न कर सको तो ,जो गुरूसत्ता सत्य की प्रस्तुति कर रही है और परमसत्ता की अभिव्यक्ति दे रही है उस गुरू सत्ता के लिए सब अर्पित,तेरा तुझको अर्पण । सत्य हमें स्वीकार कर ले इसके लिए हमें ही पात्रता सिद्ध करनी होगी,पात्रता का यह मार्ग और उस पर चलने की परीक्षा के लिए लिए भौतिक सामर्थ्य से अधिक जरूरी है अंतर्मन की शुद्धि और सत्य के साथ खड़े होने का साहस और संकल्प । तो सत्य हमारा हाथ थाम लेगा,यह पात्रता शिष्य को ही साबित करनी होती है ।महान ग्रन्थ और संहिता सौन्दर्य लहरी में आद्य शंकराचार्य जी गुरू शिष्य के संबंध को अनुग्रह का संबंध कहते हैं ,उस अनुग्रह में गुरू का अनुग्रह नहीं है सिर्फ़ शिष्य का अनुग्रह ही पूर्ण होने का उल्लेख है ।यदि शिष्य का अनुग्रह पूर्ण न हो तो वह गुरू बदल सकता है ।इसी प्रकार परम पूज्य श्री श्री बाबा श्री जी कहते हैं निर्विकार पथ पंथ नहीं है यह पथ है ।इससे अच्छा पथ मिले तो चले जाना जागो और जगागो,निर्विकार हो शांति पाओ ॥

पूज्य श्री श्री की वाणी है-सत्य अभिनय नहीं करता,सत्य निर्णय करता है ।

मैंने निर्विकार पथ के पथिक के रूप में जितना भी चैतन्यतापूर्ण जीवन जिया और जो सत्संग से मिला उसे ही शब्दों के रूप में लौटाने और प्रस्तुत करने की कोशिश है । पथिक डॉं एडीएन वाजपेयी के दोहे के साथ गुरू पूर्णिमा की शुभकामनाएँ । बादल गुरू घन ज्ञान का लिए झूमता जाये।

## विद्यालयों में गुरु पूर्णिमा पर होगा दो दिवसीय उत्सव

**गाडरवारा, देशबन्धु।** क्षेत्र के सभी विद्यालयों में 10 जुलाई गुरूवार को गुरू पूर्णिमा के मौके पर उत्सव का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन आज 10 जुलाई को होगा। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग से निर्देश जारी किये गए हैं ।निर्देश में कहा गया है कि आज 10 जुलाई को गुरू पूर्णिमा के दिन शिक्षण संस्थाओं में वीणा वादिनी माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण कर गुरू वंदना की जायेगी। विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा गुरू की महिमा पर केन्द्रित व्याख्यान होंगे। इसी के साथ इस दिन गुरूजनों एवं शिक्षकों का सम्मान भी किया जायेगा ।विदित हो कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों में भारतीय मूल्यों संस्कृति आधारित शिक्षा के लिये कई उल्लेखनीय कदम उठाये गये हैं। उनमें से एक विद्यालयों में गुरू पूर्णिमा का आयोजन किया जाना भी एक है।

### अब तक 584 मिमी वर्षा दर्ज

**गाडरवारा, देशबन्धु।** प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से 8 जुलाई तक की अवधि में कुल 584 मिमी अर्थात 23 इंच वर्षा दर्ज की गई है। 9 जुलाई की सुबह तक बीते 24 घंटे में गाडरवारा में 51 मिमी वर्षा आंकी गई है।


**उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर**
**प्रत्यर्थी को अपील की सूचना (नोटिस)**

(अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इक्तालिस, नियम 14)
अपील क्रमांक MA/6785/2024
Process Id: 116240/2025
By- Paper Publication, By- ORDINARY
Respondent No. 3
Fixed for 18-08-2025
On Admission

THE ORIENTAL INSURANCE COMPANY LTD. ... अपीलार्थी
SATISH ... प्रत्यर्थी

सन् 2022 के MACC क्रमांक 134 सन् 2022 में न्यायालय Member, MACT SMT. SAMEEKSHA SINGH, Chhindwara (Madhya Pradesh) की डिक्री/आदेश, दिनांक 31-05-2024 के विरुद्ध अपील।

प्रति, Shireen Chahuan S/o Mahendra Singh Chauhan, R/o- Niranjan Ward Kareli, P.S./Tehsil Kareli, Distt. Narsinghpur, Madhya Pradesh प्रत्यर्थी

अपील की सुनवाई का दिनांक– कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appellant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 18-08-2025 नियत की गई है। आपत्तियां, प्रति आपत्तियां, यदि कोई हो, इस सूचना (नोटिस) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए। कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक– कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 18-08-2025 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातों करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें। सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है। सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये– कागज का विवरण (दिनांक सूचेदक चिन्ह तथा पृष्ठ संख्या) (1), पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है (यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियों आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें) (2), कागजात की पुस्तक का पृष्ठ (कार्यालय में भरा जाए) (3)। यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हों, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 18-08-2025 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें। आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम-काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा। अपील से संगत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। आज दिनांक ........ को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश जबलपुर की मुहर से दिया गया।

(मुहर) प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा

**उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर**
**प्रत्यर्थी को अपील की सूचना (नोटिस)**

(अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इक्तालिस, नियम 14)
अपील क्रमांक MA/6785/2024
Process Id: 116239/2025
By- Paper Publication, By- ORDINARY
Respondent No. 2
Fixed for 18-08-2025
On Admission

THE ORIENTAL INSURANCE COMPANY LTD. ... अपीलार्थी
SATISH ... प्रत्यर्थी

सन् 2022 के MACC क्रमांक 134 सन् 2022 में न्यायालय Member, MACT SMT. SAMEEKSHA SINGH, Chhindwara (Madhya Pradesh) की डिक्री/आदेश, दिनांक 31-05-2024 के विरुद्ध अपील।

प्रति, Chnadrabhan Vishwakarma S/o Motilal Vishwakarma, R/o- Suman Colony Kareli, P.S./Tehsil Kareli, Distt. Narsinghpur, Madhya Pradesh प्रत्यर्थी

अपील की सुनवाई का दिनांक– कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appellant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 18-08-2025 नियत की गई है। आपत्तियां, प्रति आपत्तियां, यदि कोई हो, इस सूचना (नोटिस) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए। कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक– कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 18-08-2025 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातों करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें। सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है। सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये– कागज का विवरण (दिनांक सूचेदक चिन्ह तथा पृष्ठ संख्या) (1), पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है (यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियों आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें) (2), कागजात की पुस्तक का पृष्ठ (कार्यालय में भरा जाए) (3)। यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हों, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 18-08-2025 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें। आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम-काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा। अपील से संगत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। आज दिनांक ........ को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश जबलपुर की मुहर से दिया गया।

(मुहर) प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा


## शालाओं में होगा शैक्षिक ओलंपियाड

**गाडरवारा, देशबन्धु।** क्षेत्र के समस्त शासकीय प्राथमिक माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 2 से 8 के विद्यार्थियों को प्रदेश, देश और विश्व के सांस्कृतिक, भौगोलिक ऐतिहासिक परिदृश्य, समसामयिक सामान्य ज्ञान तथा हिन्दी, इंग्लिश, विज्ञान और गणित विषयों से जोड़ने के लिये मंच क्विज प्रतियोगिता ओलंपियाड का आयोजन इस वर्ष दो चरणों में जन शिक्षा केन्द्र और जिलास्तर पर किया जा रहा है।

इस वर्ष जन शिक्षा केन्द्र स्तरीय आयोजन सितंबर और जिला स्तरीय आयोजन नवंबर माह में होगा। ओलंपियाड में सहभागिता के लिये विद्यार्थी शिक्षकों के सहयोग से ऑनलाइन पंजीयन आरएसके एमपी पोर्टल पर 30 जुलाई तक कर सकेंगे।

### 30 जुलाई तक होगा ऑनलाइन पंजीयन

**दूसरी कक्षा के बच्चे ओएमआर शीट पर प्रश्न हल करेंगे** – इस वर्ष ओलंपियाड में कक्षा दूसरी से लेकर 8वीं तक प्रारंभिक कक्षाओं के विद्यार्थी ओएमआर शीट पर प्रश्न हल करेंगे। इस व्यवस्था से बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये प्रारंभिक काल से अनुभव प्राप्त होगा। कक्षा 2 और 3 के लिये इंग्लिश, हिन्दी और गणित, कक्षा 4 और 5 के लिए इंग्लिश, हिन्दी, गणित एवं पर्यावरण विषय पर और कक्षा 6, 7 और 8 के लिए हिन्दी, संस्कृत, इंग्लिश, विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान विषय में ओलंपियाड प्रतियोगिता होगी। ओलंपियाड के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केन्द्र ने विस्तृत दिशा निर्देश प्रेषित किए है। कक्षा 2 और 3 में प्रत्येक जन शिक्षा केन्द्र से कुल 28 विद्यार्थी जिला स्तर की प्रतियोगिता के लिये चयनित होंगे। कक्षा 6 से 8 में जन शिक्षा केन्द्र स्तर पर सर्वाधिक अंको के आधार पर 36 विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिये होगा।


**मार्केट वॉच गाडरवारा**

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र
अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल
Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ
एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा
जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए